भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
तारांकित प्रश्न संख्या : *336
उत्तर देने की तारीख : सोमवार, 24 मार्च, 2025
03 चैत्र, 1947 (शक)

खुसरो और तुलसीदास की जन्मस्थली का संरक्षण और विकास

*336. **श्री देवेश शाक्य:**
क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का अमीर खुसरो और तुलसीदास जी के साहित्यिक और सांस्कृतिक योगदान के दृष्टिगत एटा लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में स्थित उनकी जन्मस्थली 'पटियाली' और 'सोरों' को किसी विशेष योजना के तहत संरक्षित और विकसित करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार का उक्त ऐतिहासिक स्थलों को राष्ट्रीय धरोहर स्थल घोषित करने का विचार है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो क्या सरकार निकट भविष्य में उक्त प्रस्ताव पर विचार करेगी;

(ङ) क्या सरकार उक्त स्थलों पर अनुसंधान केंद्रों, सांस्कृतिक धरोहर स्थलों की स्थापना या अन्य विकास योजनाएं आरंभ करने के लिए कोई विशेष योजना कार्यान्वित कर रही है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो उक्त स्थलों को कब तक शामिल किए जाने की संभावना है?

उत्तर
संस्कृति और पर्यटन मंत्री
(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (च): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

लोकसभा में दिनांक 24.03.2025 को उत्तरार्थ तारांकित प्रश्न संख्या *336 के भाग (क) से (च) के उत्तर में निर्दिष्ट विवरण

(क) और (ख): भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण देश भर में 3698 केंद्रीय संरक्षित स्मारकों/स्थलों का संरक्षण और परिरक्षण संबंधी कार्य करता है। तथापि, एटा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र स्थित अमीर खुसरो और तुलसीदास जी के जन्मस्थान नामत: पटियाली और सोरों भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अधिकार क्षेत्र के अधीन संरक्षित स्मारक नहीं हैं। वर्तमान में किसी स्कीम के तहत इन स्मारकों का परिरक्षण और विकास किए जाने का ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ग) और (घ): ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

(ङ.) और (च): ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

*****